<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक–11 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर बनी सहमति के कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तानी सेना ने किया संघर्ष विराम का उल्लंघन, भारतीय सेनाओं ने दिया करारा जवाब।
- केन्द्र सरकार ने आतंकवाद से मुकाबले को लेकर लिया अहम फैसला। अब किसी भी प्रकार के आतंकी हमले को माना जायेगा युद्ध और उसी मुताबिक होगी कार्रवाई।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज लखनऊ में वर्चुअल माध्यम से करेंगे सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की प्रोडक्शन यूनिट का शुभारम्भ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में किया संत रविदास मंदिर में मूलभूत सुविधाओं और सत्संग भवन का लोकार्पण।

**********

गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर भारत और पाकिस्तान की सहमति के कुछ घंटों बाद ही पाकिस्तानी सेना ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। भारतीय सेनाओं की ओर से इन संघर्ष विराम से जुड़ी गतिविधियों का करारा जवाब दिया जा रहा है। भारत संघर्ष विराम उल्लंघन को गंभीरता से ले रहा है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कल श्री मिसरी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल स्थिति पर गंभीरता से नजर बनाए हुए है।

**कुछ दिन से चल रही सैन्य कार्रवाई को रोकने का समझौता आज शाम को हुआ। पिछले कुछ घंटे से इस समझौते का पाकिस्तान की ओर से घोर उल्लंघन हुआ। भारतीस सेना जवाबी कार्रवाही कर रही है और सेना इस अतिक्रमण से निपट रही है ये अतिक्रमण अत्यंत ही निंदनीय है और पाकिस्तान इसको नहीं समझेगा। हमारा मानना है कि पाकिस्तान इस स्थिति को ठीक से समझे और इस अतिक्रमण को रोकने के लिये तुरन्त उचित कार्रवाई करे। सेना ने स्थिति पर कड़ी नजर रखी हुयी है और उसे किसी भी अतिक्रमण से निपटने के लिये ठोस सुरक्षा कदम उठाने के लिये आदेश दे दिये गये हैं।**

**********

केंद्र सरकार ने आतंकवाद से मुकाबले को लेकर ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इसके तहत अब आतंकी हमले को युद्ध माना जाएगा और उसी के मुताबिक जवाब दिया जाएगा। कल दोनों पक्षों की ओर से सीजफायर पर सहमति बनने से कुछ समय पहले केंद्र ने यह निर्णय लिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इस निर्णय के माध्यम से आंतकी घटनाओं के खिलाफ एक सख्त रेखा खींची और स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान से जुड़े आंतकी भारत को फिर निशाना बनाते हैं तो पहलगाम हमले के बाद की गई सैन्य कार्रवाई जैसी ही प्रतिक्रिया दी जाएगी।

इसके पूर्व कल भारत और पाकिस्तान ने तत्काल प्रभाव से गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कल नई दिल्ली में जानकारी देते हुए बताया कि पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक ने कल दोपहर युद्ध विराम का आह्वान किया, जिसके बाद चर्चा हुई और भारतीय समय अनुसार कल शाम पांच बजे से गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी।

विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि सैन्य कार्रवाई रोकने पर दोनों देशों के बीच सीधे तौर पर सहमति बनी है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच किसी अन्य मुद्दे पर किसी अन्य स्थान पर बातचीत करने का कोई निर्णय नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि सैन्य संचालन महानिदेशक कल दोबारा बातचीत करेंगे।

**********

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने की सहमति के बाद कल नई दिल्ली में एक प्रेस वार्ता के दौरान कमोडोर रघु आर नायर ने बताया कि भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना को इस सहमति का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि भारत की तरफ से की गई कार्रवाई संतुलित थीं और इस दौरान पाकिस्तान से भ्रामक सूचनाएं फैलाई गईं।

***पाकिस्तान ने ये क्लेम किया कि उसने अपने जेएफ–17 से हमारे एस–400 व ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया, जोकि बिल्कुल गलत। दूसरा, उसका ये भी मिसइंफॉर्मेशन कैंपेन था कि हमारी एयरफील्ड जो कि सिढ़सा, जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, नालिया और भुज में हैं, ये उसका मिसइंफॉर्मेशन भी बहुत गलत है। तीसरा, पाकिस्तान के मिसइंफॉर्मेशन कैंपेन के मुताबिक हमारे एमिनिशन डंप्स जो चंडीगढ़ और बियास में हैं, उसका डैमेज हुआ। यह भी बिल्कुल गलत हैं।***

इससे पूर्व कल सुबह नई दिल्ली में ऑपरेशन सिंदूर पर एक विशेष प्रेस वार्ता में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

***पाकिस्तान द्वारा सैन्य ठिकानों को जानबूझकर निशाना बनाने के पश्चात भारतीय सशस्त्र बलों ने त्वरित और सुनियोजित जवाबी हमले के टेक्निकल इंस्टालेशन कमान एंड कंट्रोल सेंटर रडार साइट और हथियार भंडार को चुनकर निशाना बनाया गया। रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहमियार खान, सुकूर और चुनियास्थित पाक सैन्य ठिकानों पर एयर लॉन्च्ड स्टीक हथियारों, लड़ाकू जेट सेप्रहार किए गए। पसूर सहित रडार साइट और सियालकोट काएविएशन बेस भी प्रसीजन एम्युनेशन से टारगेट किए गए। इन कार्रवाइयों के दौरान भारतने कम से कम कोलेटरल डैमेज की क्षति सुनिश्चित की।***

कर्नल कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने श्रीनगर से लेकर छलिया तक 26 से अधिक स्थानों पर हवाई मार्ग से घुसपैठ की कोशिश की। बाइट.....(6)

***पाकिस्तान सेना ने पूरी पश्चिम मोर्चे पर लगातार आक्रामक गतिविधियां जारी रखी। उसमें यूकैप ड्रोन्स, लॉन्ग रेंज वैपन्स, लॉटरिंग एम्युनेशन और लड़ाकू विमानों का उपयोग करभारतीय सैन्य ढांचे को निशाना बनाया। नियंत्रण रेखा पर भी ड्रोन घुसपैठ और भारी कैलिबर हथियारों से गोलाबारी की। अंतरराष्ट्रीय सीमा और एलओसी पर श्रीनगर से नलिया तक 26 से अधिक स्थानों पर हवाई घुसपैठ के प्रयास किए गए। भारतीय सशस्त्र बलों ने अधिकांश खतरों को सफलतापूर्वक निष्क्रिय किया।***

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि भारत ने पसूर और सियालकोट एयरबेस पर रडार साइटों को भी निशाना बनाया।

**********

भारत द्वारा सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के बाद से पाकिस्तान में जैश–ए–मोहम्मद और लश्कर–ए–तैयबा के पांच कुख्यात आतंकवादी मारे गए हैं। सूत्रों के अनुसार इन आतंकियों में मुदस्सर खादियन खास उर्फ अबू जुंदाल, मौलाना मसूद अजहर का निकट संबंधी हाफिज मुहम्मद जमील, मोहम्मद यूसुफ अजहर, खालिद उर्फ अबु अक्शा और मोहम्मद हसन खान शामिल हैं।

**********

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस' की प्रोडक्शन यूनिट का शुभारंभ करेंगे। उद्‌घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। पेश है एक रिपोर्ट....(8)

***ब्रह्मोस प्रोडक्शन यूनिट 300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की गई है। इसके साथ ही, ब्रह्मोस एयरोस्पेस की इंटीग्रेशन एवं टेस्टिंग फैसिलिटी परियोजना का भी लोकार्पण होगा, जो मिसाइलों के परीक्षण और एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ब्रह्मोस मिसाइल के प्रोडक्शन यूनिट के शुभारंभ के अवसर पर टाइटेनियम एंड सुपर एलॉयस मैटेरियल्स प्लांट का भी उद्‌घाटन होगा। यह प्लांट एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सामग्रियों का उत्पादन करेगा, जिनका उपयोग चंद्रयान मिशन और लड़ाकू विमानों में किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या में 115 लाख रुपए की लागत से प्राचीन संत रविदास मंदिर में मूलभूत सुविधाओं, सौंदर्यीकरण कार्य और सत्संग भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी को मिलकर विकसित भारत के लिए कार्य करना है।

***हर भारतवासी से एक बात कहते हैं कि हमें विकसित भारत केलिए कार्य करना है। विकसित भारत का मतलब जहां पर किसी प्रकार का जातिभेद न हो। जहां पे किसी भी प्रकार का कोईविसमता न हो, नआर्थिक विसमता हो, नसामाजिक विसमता हो। जहां पर किसी भी प्रकार का भाव न हो, हर ओर खुशहाली हो, सुरक्षा का माहौल हो।***

इससे पूर्व श्री योगी ने श्री रामलला और हनुमानगढ़ी में हनुमानजी का दर्शन पूजन किया।

**********

नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो ने लखनऊ, वाराणसी और कुशीनगर सहित देश के सभी एयरपोर्ट के लिये हाई अलर्ट घोषित कर दिया है। सरकार ने देश के चौबीस हवाई अड्डों को चौदह मई तक बंद कर दिया है। सरकार ने यह निर्णय पाकिस्तान के द्वारा जम्मू और श्रीनगर के एयरपोर्ट को निशाने बनाने की कोशिशों के बाद लिया है। एयर इंडिया ने कहा है कि जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, चंडीगढ़, भुज, जामनगर और राजकोट के लिए उसकी उड़ानें पंद्रह मई तक रद्द रहेंगी।

**********